**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**14.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**सहकारिता**

केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने हिमाचल प्रदेश को सहकारिता के लिए आदर्श राज्य बताया है। शिमला में आज सहकारिता विभाग की बैठक में उन्होंने कहा कि विविधता से पूर्ण हिमाचल में सहकारिता क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश को सहकारिता क्षेत्र में केन्द्र द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता की मुहिम को जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में करीब 20 लाख लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं और सहकारी समितियां महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेश कर रही हैं।

**आर.बी.आई.**

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के लिए उपभोक्ताओं को लुभावनी योजनाओं से बचने की सलाह दी है। सोलन में आज पंजाब नैशनल बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय समावेशन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा भी देशभर में उपभोक्ताओं को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। संजय मल्होत्रा ने कहा कि बैंक अब अधिक से अधिक लोगों तक सुविधाएं व सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश में करीब 55 करोड़ जनधन खातों में से 11 करोड़ खातों की रि–के.वाई.सी. करवाई गई है जबकि शेष खातों के लिए ये कार्य जारी है।

रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने बताया कि वित्तीय समावेशन की दिशा में बैंक खाता खोलना पहला कदम है और देशभर में वर्तमान में करीब अढ़ाई सौ करोड़ बैंक खाते खुल गए हैं।

**केन्द्रीय मंत्री**

केन्द्रीय आदिवासी कल्याण राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके ने आज चम्बा ज़िले के भरमौर में अधिकारियों के साथ बैठक कर जन समस्याओं के समाधान के लिए उचित दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि ज़िले में आपदा के कारण जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई के लिए केन्द्र सरकार दृढ़संकल्पित है। केन्द्रीय मंत्री ने समाज सेवियों और वरिष्ठ नागरिकों के साथ भी बैठक कर बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज से चम्बा ज़िले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज डलहौजी के बनीखेत में आपदा प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की। राज्यपाल ने कहा कि इस आपदा से चम्बा, मण्डी और कुल्लू ज़िलों में भारी नुकसान हुआ है और संकट की इस घड़ी में पूरा समाज एकत्रित होकर जनसेवा के लिए आगे आया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश को 15 सौ करोड़ रूपए की आपदा राहत दी है और प्रदेश दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्रियों के रिपोर्ट के आधार पर और मदद दी जाएगी।

**प्रधानमंत्री–हिंदी दिवस**

आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं।

..................................